# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

सोमवार, 01 जनवरी 2024 ● पौष कृष्णपक्ष 06 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 254

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र




2023 की आखिरी शाम को रांची के बड़ा तालाब का नजारा




## संस्कृति बचाने की पहल : हजारों आदिवासी-मूलवासी समाज के नर-नारी हुए शामिल

# डहरे टुसू परब पर शहर में निकली भव्य शोभा यात्रा

संवाददाता। धनबाद

वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच की ओर से 31 दिसंबर को डहरे टुसू परब पर शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई. जिसमें धनबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लोग टुसू लेकर सरायढेला स्थित शिव मंदिर प्रांगण पहुंचे. इसके बाद यह शोभा यात्रा पारंपरिक नृत्य, गीत, ढोल तासे के साथ सरायढेला शिव मंदिर प्रांगण से रणधीर वर्मा चौक, डीआरएम ऑफिस, पूजा टॉकिज, बेकारबांध, सिटी सेंटर, एसएसएलएनटी रोड होते हुए वापस रणधीर वर्मा चौक पहुंची. शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष आदिवासी, मूलवासी अपनी भाषा, सभ्यता और अपनी संस्कृति को बचाने के लिए शामिल हुए. शोभा यात्रा को लेकर पुलिस के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, मेडिकल टीम और जगह-जगह पानी की व्यवस्था की गई थी.




### टुसू महज परब नहीं हमारी संस्कृति व अस्मिता है : गणपत

वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के सदस्य गणपत महतो ने कहा कि टुसू हमारा 15 दिनी परब है, जो अगहन संक्रांत से शुरू होता है. इसमें प्रकृति की पूजा होती है. लेकिन धीरे-धीरे विलुप्त होता जा रहा था. जिसे बचाए रखने के लिए मंच ने बीड़ा उठाया है. क्योंकि टुसू महज परब नहीं यह हमारी संस्कृति व अस्मिता है. इस को बचाने के लिए यह शोभायात्रा निकाली गई. हीरालाल महतो ने कहा कि यह शोभायात्रा मूलवासियों को कुड़माली संस्कृति को दुनिया के सामने रखने और इस पर गौरवान्वित होने के लिए निकाली गई है.



## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग लाखों की संपत्ति जलकर खाक



संवाददाता। बाघमारा

बाघमारा थाना क्षेत्र के तेलोटांड कुम्हार बस्ती में रविवार की अहले सुबह करीब 10 बजे के आसपास बिनोद कुम्हार के आवास के एक कमरे में आग लग गई. अगलगी की इस घटना में कमरे में रखा कपड़ा, बक्सा, बर्तन, रुपये इत्यादि जलकर राख हो गए. आग लगने के बाद किसी तरह घर के लोगों ने पानी डाल कर आग पर काबू पाया. घटना को लेकर जानकारी देते हुए बिनोद कुम्हार ने बताया कि आग लगने से करीब एक लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है. बिनोद की पत्नी ने बताया की उसका बेटा सुखदेव कुम्हार कमरे में सोया था. वह बाल-बाल बचा. गृहस्वामी मजदूरी आदि कर जीवन यापन करता है. घर में आग संभवतः शॉर्ट सर्किट से लगी.

## जिला स्वास्थ्य विभाग आया हरकत में, पहुंची टीम

# चाईबासा में फैला मलेरिया, कई बीमार

**खास बातें**

- विधायक के निर्देश पर लगाया गया जांच शिविर
- कई लोगों की हुई मलेरिया जांच, मिलीं दवाइयां

संवाददाता। चाईबासा

हाट गम्हारिया प्रखंड अंतर्गत हाट गम्हारिया, हांगरागुटू, परोमसाई, कालीमाटी गांव में मलेरिया से कई लोगों के बीमार होने की खबर के बाद जिला स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है. लेकिन इस क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा विधायक से शिकायत की गई थी. विधायक ने इसे गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन को सूचित कर तत्काल शिविर लगाने का आदेश दिया. विधायक के निर्देश पर सिविल सर्जन द्वारा स्पेशल टीम भेजी गयी. सदर व झींकपानी अस्पताल के 11 चिकित्सीय टीम में शामिल चिकित्सा कर्मियों ने हाटगम्हारिया में शिविर लगाकर मलेरिया प्रभावित गांव के पीड़ित मरीजों का सैंपल कलेक्ट किया. इसके अलावा हाटगम्हारिया के केंदपोसी में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में आकर कैंप लगाया गया. यहां अनेक लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई. वहां विधायक दीपक बिरुवा स्वयं डटे रहे. साथ ही विधायक दीपक बिरुवा ने विभिन्न प्रभावित गांव का दौरा किया.

टीम में डॉक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह, एसआई एसएस नाग, बंटी सिन्हा, अजय कुमार, लखींद्र दास, एमपीडब्ल्यू गौतम डे, विकास मंडल, मनीष कुमार सिन्हा, मोहम्मद शाहिद, रवि रंजन समेत अन्य मौजूद थे.



### चिकित्सकों की टीम कर रही कैंप

विधायक ने मलेरिया प्रभावित हाटगम्हारिया समेत आस पास के गांव का भ्रमण कर जायजा लिया. मौके पर चाईबासा व झींकपानी से गयी चिकित्सको की टीम भी साथ में थी. इस दौरान ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव के उपाय बताए गए. जिनमें मेडिकेटेड मच्छरदानी और मच्छर भगाने के उपाय बताए गए. साथ क्षेत्र में मलेरिया रोधी उपाय को तेज करने के साथ साथ ग्रामीणों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया. साथ ही बताया गया कि कैसे पास में जलजमाव नहीं होने दें, मलेरिया परजीवी वाली मच्छर ताजा पानी में भी फैलता है. यदि किसी व्यक्ति को कंपकंपी बुखार आए तो अपनी नजदीकी अस्पताल में जरूर आए और अपनी जांच कराएं. स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि इस वर्ष हाटगम्हारिया प्रखंड में अबतक 144 मलेरिया पॉजिटिव का मामला सामने आया है. ऐसे में हाटगम्हारिया के जिस इलाके में इस तरह की बात आई है, स्वास्थ्य विभाग इसे तत्परता से देख रहा है.

## तेतुलामारी में छापेमारी, 200 टन कोयला बरामद

**तेतुलामारी।** उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देश पर कोयला, बालू के अवैध खनन, भंडारण तथा परिवहन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के तहत रविवार को तेतुलमारी थाना क्षेत्र के छोटा नगरी में संचालित अवैध कोयला डिपो में जिला खनन विभाग के माइनिंग इंस्पेक्टर विनोद प्रमाणिक ने छापेमारी कर लगभग 200 टन कोयला जब्त किया. अवैध कोयले को जब्त कर बीसीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया. छापेमारी दल में कतरास क्षेत्र की सीआईएसएफ की टीम व तेतुलामारी पुलिस मौजूद थी. हालांकि छापेमारी की सूचना लगते ही धंधेबाज मौके का फायदा उठा कर भागने में सफल रहे. किसी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है.






## हजारीबाग वन्यप्राणी अभयारण्य

## यहां उग्रवादियों ने पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी पर चलाई थी गोली

# आतंक का केंद्र, सैलानियों से गुलजार

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

जिले से करीब 15 किमी दूर एनएच-33 पर 80 किमी में फैला हजारीबाग वन्यप्राणी अभयारण्य कभी नक्सलियों की पनाहगार था. समय ऐसा बदला कि अब यहां पर्यटकों की भरमार है. कभी यहां गोलियों की तड़तड़ाहट सुनाई देती थी. माओवादी जन अदालत लगाया करते थे, लेकिन वक्त बदला और नक्सलियों को यह स्थल छोड़ कर भागना पड़ा, जहां अब जंगली जीव-जंतुओं की आहट सुनाई पड़ती है.

हजारीबाग समेत झारखंड और बाहर के राज्यों से भी सैलानी यहां की मनोरम प्राकृतिक वादियों की छटा निहारने के लिए आते हैं. सैलानी यहां कुछ वक्त बिताने पहुंचते हैं. कभी इसे नेशनल पार्क का दर्जा प्राप्त था. लेकिन घटती जंगली जीवों की वजह से अब यह वन्यप्राणी अभयारण्य कहलाने लगा है. यह अभयारण्य बिहार और बंगाल की सीमा से जुड़ा हुआ है. यहां तरह-तरह के जानवरों, मोटे मोटे पेड़ों और जंगल का नजारा देखने के लिए जगह-जगह टावर बने हुए हैं. इसमें एक नंबर टावर पर चढ़ कर देखने से कई अद्भुत चीजें दिखती हैं. इसमें जंगल का पूरा नजारा देखा जा सकता है.



### 90 के दशक में था नक्सलियों का बोलबाला

90 के दशक में यहां उग्रवादियों का बोलबाला था. पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी पर यहां वर्ष 2003 में गोलियां भी चलीं थीं. राज्यपाल का काफिला भी लौट गया था. माओवादियों और टीपीसी में एक बार मुठभेड़ भी हुई थी. उसमें टीपीसी के तीन लोग मारे गए थे. माओवादियों का वर्चस्व इतना था जन अदालत लगा कर मौत का फरमान सुनाते थे. लेकिन माहौल बदला और पर्यटन को बढ़ावा मिला. अब यहां सैलानियों की रौनक है.

### लोग उठाते हैं लुत्फ

रजडेरवा गेस्ट हाउस में सैलानी रुकते हैं. वन्य अभयारण्य में भ्रमण कर जंगली जीव-जंतुओं के साथ-साथ प्राकृतिक छटा का आनंद उठाते हैं. कैफेटेरिया में चाय- कॉफी के साथ लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाते हैं. परिजनों और मित्रों के साथ वहां चने जैम में वोटिंग का मजा ही कुछ और ही है. गुजरते 2023 और नए साल 2024 के स्वागत के लिए वहां सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी है.

### मिलता है रोजगार

आसपास बसे छोटे-छोटे गांवों के ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान है. वो कहते हैं कि एक वक्त था कि जंगल में प्रवेश करने में भी डर लगता था. लेकिन अब यहां सैलानियों की भीड़ उमड़ रही है. इससे हम ग्रामीणों को रोजगार भी मिल रहा है. इस पार्क में छोटी-छोटी दुकान लगाकर सैलानियों की सेवा करने का मौका मिल रहा है.

एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना की पहल, परियोजना प्रभावित गांवों में बंटेंगे 4500 कंबल

## तीन गांवों से कंबल वितरण अभियान की शुरुआत

संवाददाता। केरेडारी



**एनटीपीसी कार्य**

- बालादेवरी, कावेद व पांडु में गरीबों को बांटे कंबल
- नैगम सामाजिक दायित्व के तहत चला रहा अभियान

एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के द्वारा कड़ाके की ठंड एवं कुहासा के मौसम को देखते हुए परियोजना प्रभावित गावों में गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबलों का वितरण किया जा रहा है. इस अभियान के तहत 4500 कंबलों का वितरण किया जाएगा. इस कड़ी में बालादेवरी, कावेद व पांडु के अंबेडकर टोला में कंबल वितरण की शुरुआत कर दी गई.

इस दौरान सुबह से ही गावों में जरूरतमंदों की भीड़ लगने लगी थी. मौके पर उपस्थित केरेडरी परियोजना प्रमुख प्रभारी फैज तैय्यब एवं परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद ने बताया कि एनटीपीसी के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत कंबल वितरण समारोह आयोजित किया जा रहा है. फैज तैय्यब ने कहा कि जरुरतमंदों की सहायता से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं होता है. उन्होंने यह भी बताया कि ठंड के मौसम में गरीबों में कंबल बांटने के साथ-साथ एनटीपीसी के निःशुल्क चिकित्सा शिविर को भी सुचारू रूप से जारी रखा जाएगा. वहीं, शिव प्रसाद ने कहा कि ठंड में सबसे ज्यादा बुजुर्गों एवं बच्चों को परेशानी होती है. कंबल वितरण अभियान से उन्हें राहत मिलेगी.

कंबल वितरण समारोह के दौरान केरेडारी परियोजना के अपर महाप्रबंधक एसपी गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक आशीष कुल्लु, अधिकारी अल्का पांडा व अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे. परियोजना प्रभावित गावों में वृद्ध व्यक्तियों एवं महिलाओं ने कंबल पाने के बाद खुशी जाहिर की. वहीं, केरेडारी कोयला खनन परियोजना के पदाधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे.

### 2000 लीटर महुआ शराब जब्त, चार भट्ठियां ध्वस्त

**कोडरमा।** जिले में अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया. इस संबंध में एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि अवैध शराब को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत गझंडी हसुवाधारन जंगल में वृहद पैमाने पर अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी की गयी. इस दौरान लगभग 2000 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया. वहीं, 40 सिंटेक्स में भरा जावा महुआ और चार शराब भट्ठियों को नष्ट किया गया. उक्त स्थान पर काफी मात्रा में जंगल से काटी हुई लकडियां भी बरामद की गईं, जिसे वन विभाग की टीम ने जब्त किया है. छापेमारी दल में पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) दिवाकर कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार, एएसआई दाउद पावरिया, गझंडी पिकेट एवं पुलिस केंद्र के सशस्त्र बल शामिल थे.

### आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- संविधान सभा ने किसे प्रारूप समिति का अध्यक्ष चुना – **अंबेडकर को**
- संविधान सभा ने कब संविधान को पारित किया था – **26 नवंबर, 1949 को**
- शरीर की सभी कार्यों का नियंत्रण कौनसा अंग करता है – **मस्तिष्क**
- फतेहपुर सीकरी का निर्माण किसने करवाया – **मुगल सम्राट अकबर**
- प्लासी की में लड़ाई लार्ड क्लाइव ने किसको हराया था – **सिराजुद्दौला को**
- नन्द वंश का अंतिम शासक कोन था – **घनानंद**
- पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह कौनसा है – **चन्द्रमा**
- शक् संवत किसने चलाया – **कनिष्क ने**
- योजना आयोग का कौन पदेन अध्यक्ष होता है – **प्रधानमंत्री**
- सबसे प्रबल अपचायक कौनसा है – **लिथियम**
- राष्ट्रीय युवा दिवस कब मनाया जाता है – **12 जनवरी**
- सफ़ेद हाथियों का देश कौन सा राष्ट्र कहलाता है – **थाईलैंड**

### ब्रीफ खबरें

#### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बेको में बैठक

**जयनगर।** प्रखंड के बेको पंचायत में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक की गई. अध्यक्षता सूर्यदेव राणा एवं संचालन सुभाष यादव ने किया. बजरंग दल के संयोजक अजय यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है. इसके निमंत्रण हेतु पंचायत के प्रत्येक परिवार तक अक्षत एवं निमंत्रण पत्र पहुंचाने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया. मौके पर अरविंद यादव, विकास यादव, रामजी यादव, राजेंद्र यादव, विजय यादव, परमेश्वर यादव, सुरेश सिंह, शिवनाथ यादव, सिकंदर यादव, सुनील यादव, अशोक राणा आदि मौजूद थे.

#### पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र का किया उद्घाटन

**रामगढ़।** बुद्धिजीवी मंच बरकाकाना ने कडरू गांव में पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र की शुरूआत की. उद्घाटन मुख्य अतिथि कवित्री बेदिया ने किया. उन्होंने कहा कि बुद्धिजीवी मंच बरकाकाना क्षेत्र में निरंतर जन विकास का काम कर रहा है. इसी कड़ी में कडरू में पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र खोला गया है. इस अवसर पर उन्होंने दर्जनों पुस्तक अपनी ओर से समर्पित किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली और संचालन मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली ने किया. विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी अध्यक्ष उमेश महतो, अधिवक्ता धनंजय यादव, मंच के सचिव प्रो. शाहनवाज खान, उप कोषाध्यक्ष देवकी बेदिया एवं प्रदीप चक्रवर्ती आदि मौजूद थे.

#### सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को दी ससम्मान विदाई

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार कक्ष में सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया. पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए ससम्मान विदाई दी. सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों में हरिनंदन सिंह, रवींद्र कुमार सिंह, रामरतन पासवान, बिंदेश्वरी दास, गोमा बानरा, सुनील कुमार, धर्मदेव सिंह, परवेज खान शामिल रहे. विदाई कार्यक्रम में पतरातू एसडीपीओ, रामगढ़ एसडीपीओ, डीएसपी हेडक्वार्टर, प्रशिक्षु डीएसपी, इंस्पेक्टर एवं पुलिस संगठन के पदाधिकारी एवं सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के परिजन उपस्थित थे.

अंतरराज्यीय गिरोह के अपराधियों ने बुजुर्ग से लूट की वारदात को दिया था अंजाम

## 24 घंटे के अंदर लूटकांड का उद्भेदन

संवाददाता। कोडरमा



**त्वरित कार्रवाई**

- तकनीकी अनुसंधान के आधार पर चार की गिरफ्तारी
- बुजुर्ग को जबरन गाड़ी में बैठा 48000 की हुई थी लूट

बुजुर्ग से लूट की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर उद्भेदन कर दिया है. इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने रविवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी दी. बताया कि कोडरमा बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक से बीते शनिवार पैसे निकाल कर घर जा रहे महावीर मुहल्ला निवासी ब्रहमदेव पासवान (64) को अज्ञात अपराधियों ने जबरन चारपहिया वाहन में बैठा कर उनसे 48000 रुपये लूट लिए थे.

इस संबंध में पीड़ित ने कोडरमा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. घटना की सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था. गठित टीम ने आसूचना संकलन करते हुए एवं घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर अपराधियों द्वारा घटना में प्रयुक्त वाहन की पहचान की. इस आधार पर उक्त वाहन से एक संदिग्ध व्यक्ति को बागीटांड़ चेक पोस्ट के पास पकड़ा गया. पूछताछ में उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि इस घटना में गिरोह के तीन और अभियुक्त शामिल थे, जो अलग-अलग हो कर जिले से बाहर निकलने की फिराक में है. इस सूचना के आधार पर जिले के सभी होटलों, बस अड्डों एवं रेलवे स्टेशन में जांच अभियान चलाया गया. इस क्रम में गिरोह के अन्य तीनों अभियुक्तों को तिलैया स्टेशन के बाहर खालसा होटल के सामने से गिरफ्तार कर लिया गया.

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कसया थाना क्षेत्र के नटवलिया निवासी पंकज राव (36) और अहिरोली निवासी धर्मेंद्र कुमार भारती (37), असलम सिद्दीकी (51) व सकलैन (43) के रूप में की है. छापेमारी दल में प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम, एसआई कुंदन कुमार, एएसआई सहदेव प्रसाद (पीसीआर), कोडरमा थाना के पैंथर एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

**गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास :** एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्त एक अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्य हैं. इनके द्वारा पूर्व में भी इस प्रकार की कई घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है और पुराना अपराधिक इतिहास भी रहा है. इनमें पंकज राव पर पूर्व में लूट, गृहभेदन, आर्म्स एक्ट एवं आईटी एक्ट के 14 मामले दर्ज हैं. वहीं, धर्मेंद्र कुमार भारती पर लूट, चोरी एवं आर्म्स एक्ट के 7 मामले, असलम सिद्दीकी पर लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट एवं विस्फोटक अधिनियम के 6 मामले और सकलैन पर लूट एवं चोरी के 6 मामले पूर्व में दर्ज हैं. गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और असामाजिक एवं रोकथाम अधिनियम के अंतर्गत भी कांड दर्ज हैं.

**रेकी कर वारदात को अंजाम देते थे अपराधी :** पुलिसिया पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि इनके गिरोह के द्वारा बैंकों ने अधिक पैसे निकाल रहे व्यक्तियों को रेकी कर उन्हें चिन्हित कर लिया जाता था. इसके बाद बैंक से पैसे लेकर बाहर निकलने पर मौका देखते हुए जबरन चारपहिया वाहन में बैठाकर पैसे लूट कर फरार हो जाते थे. गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक मारुती स्विफ्ट कार, 21350 रुपये नगद, छह मोबाइल, लूटे गए पैसों से खरीदा गया नया मिक्सर ग्राइंडर, नये जूते एवं कपड़े बरामद किए गए हैं.

गया के अनुज ने चौपारण थाना पहुंच लगाई गुहार

### हुजूर! प्रतिशोध में दर्ज करा दिया दुष्कर्म का झूठा केस

- भतीजी के साथ दहेज प्रताड़ना के आरोप जेल गया था पति
- बाहर निकलने पर अपनी बहन से कराया दिया झूठा केस
- वादी के भाई ने कहा– चाचा ससुर ने किया दुष्कर्म का प्रसास

संवाददाता। चौपारण

बिहार के एक व्यक्ति ने चौपारण थाना में आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है. गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के कुरकिहार गांव निवासी अनुज पांडेय ने आवेदन में कहा कि रिश्ते में उनकी बहू लगने वाली महिला ने षडयंत्र के तहत झूठा आरोप लगाते हुए चौपारण थाना में उनके खिलाफ केस दर्ज कराया है. अनुज पांडेय ने बताया कि मेरे भतीजा लौकेश पांडेय का विवाह चतरा जिला के मयूरहंड थाना क्षेत्र के नवडीहा गांव की लड़की के साथ वर्ष 2021 में हुआ था.

वहीं, लड़की के भाई चंदन पांडेय के साथ मेरी भतीजी का उसी वर्ष विवाह हुआ था. अनुज ने कहा कि विवाह के कुछ ही दिन बाद में चंदन पांडेय मेरी भतीजी को दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगा. उसने भतीजी के साथ मारपीट कर उसे घर से भी निकाल दिया था. इस संबंध में उनकी भतीजी ने चंदन पांडेय एवं उनके परिवार के विरूद्ध मयूरहंड थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. उस केस में पुलिस ने चंदन पांडेय को 15 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया था. बाद में पंचायती में समझौता कर जमानत के आधार पर सत्र न्यायालय चतरा द्वारा उसे रिहा किया गया. इसी मुकदमे कि प्रतिशोध में बदला लेने के उद्देश्य से चंदन पांडेय ने मेरे घर गया और रात्रि में अपनी बहन को बहला-फुसला कर हमलोगों की अनुपस्थिति में घर से विवाह के लिए जमा की गई राशि और जेवरात चोरी कर ले भागा है. इस संबंध में वजीरगंज थाना (बिहार) को सूचित भी किया गया है.

वहीं, चंदन पांडेय ने बताया कि जेल से बाहर आने के बाद वह अपने ससुराल वजीरगंज गया था. ससुराल से वापस आने के बाद उसकी बहन को ससुराल पक्ष द्वारा काफी परेशान किया जाने लगा. उसके बाद मारपीट कर घर पहुंचाने चाचा ससुर आ रहे थे. तब रास्ते में ही उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया. इसके बाद उनकी बहन ने थाना में मामला दर्ज करवाया है.

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का लगाया आरोप

संवाददाता। कोडरमा

**मांगा इंसाफ**

- पीड़ित युवती ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार
- भंडरवा के एक ट्रेलर चालक पर लगाया आरोप

सदर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है. इस बाबत युवती ने सदर थाना में आवेदन देने के बाद पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह से न्याय की गुहार लगाई है. वह अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची थी. युवती ने बताया कि एक साल पहले उसकी जान पहचान भंडरवा निवासी ट्रेलर चालक मो. शमशेर से हुई थी.

इसके बाद धीरे-धीरे दोनों में नजदीकियां बढ़ी और प्रेम प्रसंग चलने लगा. इस दौरान शमशेर ने शादी का झांसा देकर कई बार उसका शारीरिक शोषण किया. वह बाद में उसने शादी करने से इंकार कर गया. पीड़िता ने यह भी बताया कि मो. शमशेर ने उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया और अब वीडियो वायरल करने की धमकी देता है. उसने आगे बताया कि जब वह समशेर के संपर्क में आई थी, तब उसने अपने आप को अविवाहित बताया. लेकिन कुछ दिन पहले उसके शादीशुदा होने की बात पता चली.

युवती ने बताया कि 16 दिसंबर को समशेर ने उसे बुलाया और ट्रेलर में बैठा कर अपने साथ कई दिनों तक गाड़ी में घुमाता रहा. इस दौरान उसने वाहन में कई बार उसका शारीरिक शोषण किया. अंत में 23 दिसंबर को जमशेदपुर से बस में बैठाकर जबरन घर भेज दिया. इस मामले में एएसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है और पीड़िता की मेडिकल जांच के बाद बयान दर्ज कराया गया है.

### आज रखी जाएगी अंबेडकर प्रतिमा निर्माण की नींव

**जयनगर।** प्रखंड मुख्यालय के पुराना भवन के समीप रविवार को एक बैठक अयोजित की गई. अध्यक्षता राजेंद्र दास ने की. बैठक में उपस्थित लोगों ने पुराने जयनगर प्रखंड कार्यालय भवन के सामने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने पर विचार विमर्श किया. इस दौरान निर्माण समिति का गठन किया गया.



समिति का अध्यक्ष राजेंद्र दास, संरक्षक सुखदेव यादव, संयोजक प्रमुख अंजू देवी, महासचिव खगेंद्र राम, कोषाध्यक्ष अरमान खान, उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, देवनारायण यादव, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, देवनारायण यादव, विजय पासवान व कैलाश प्रसाद रजक, उप कोषाध्यक्ष रंजीत दास और उप सचिव महेश रजक को बनाया गया. बैठक में सोमवार को प्रतिमा निर्माण की बुनियाद रखने पर सहमति बनी. बैठक के दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा निर्माण कार्य में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की गई. मौके पर राजकुमार यादव, अरमान खान, कैलाश राम, विजय पासवान, खगेंद्र राम, महेंद्र राम, सुखदेव यादव, सहदेव रविदास, राजेंद्र यादव व भीम दास आदि मौजूद थे.

## समाजिक एकजुटता जरूरी: सिंकर

संवाददाता। जयनगर



**सामाजिक आयोजन**

- धूमधाम से मनी अहिबरन जयंती सह मिलन समारोह
- पूर्वज अहिबरन के विचारों को आत्मसात करने पर जोर

प्रखंड के परसाबाद में मोदी मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया. अध्यक्षता डॉ. बीएनपी बर्णवाल एवं संचालन कुंदन कुमार ने किया. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि चलकुशा सीओ शशिकांत सिंकर, विशिष्ट अथिति भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी, सेवानिवृत्त डीडीसी नारायण मोदी, हरिहर मोदी आदि ने संयुक्त रूप से महाराजा अहिबरन के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया.

कार्यक्रम में जुबली, जूली, मनीषा व प्रिया ने नृत्य और संगीत की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया गया. चलकुशा सीओ शशिकांत सिंकर ने कहा कि मोदी समाज को एकजुटता के साथ सभी क्षेत्रों में भागीदारी लेने की जरूरत है. वहीं सुरेंद्र भाई मोदी ने कहा कि अपने समाज में अभी भी लोग रुढ़िवादी चीजों में फंसे हुए हैं और सामाजिक कुरीतियां कुछ ज्यादा बढ़ गई हैं. इसमें सुधार की आवश्यकता है. वहीं डॉ. बीएनपी वर्णवाल ने कहा कि हम सभी को महाराजा अहिबरन के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है.

मौके पर बर्णवाल-मोदी समाज के सैकड़ों महिला व पुरुष मौजूद थे.

### जंगल से 1600 लीटर महुआ शराब बरामद

**झुमरी तिलैया।** डीएसपी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में तिलैया थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत जरगा जंगल में महुआ शराब के खिलाफ अभियान चलाया. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, रांची उत्पाद विभाग की एक टीम भी इस अभियान में शामिल थी. इस क्रम में 1600 लीटर महुआ शराब, 200 सिंटेक्स जावा महुआ बरामद कर नष्ट किया गया. वहीं, महुआ शराब भट्ठी चलाने के आरोप में दिलीप यादव, पप्पू यादव, महेश यादव और बिकेन यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. इस अभियान में एसआई सरवन कुमार राम एवं दर्जनों जवान शामिल थे.

## वाहन चालकों का विरोध मार्च

संवाददाता। रामगढ़




**दिखी नाराजगी**

- लोकसभा में पेश ट्रैफिक कानून में संशोधन की मांग
- कानून में संशोधन हो, नहीं तो करेंगे आंदोलन : पुटूस

लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए गए ट्रैफिक संसोधन कानून को लेकर वाहन चालको में नाराजगी देखी जा रही है. दुर्घटना होने पर 10 साल की सजा और सात लाख का जुर्माना की बातें सामने आने पर पूरे देश में वाहन चालक व ट्रांसपोर्टर देशव्यापी आंदोलन कर रहे हैं. इस समस्या से जिले के वाहन चालकों ने पूर्व विधायक प्रत्याशी सह आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस को अवगत कराया.

इसके बाद धनंजय कुमार पुटूस ने वाहन चालकों के खिलाफ लाए जा रहे कानून का विरोध किया और चालकों के समर्थन में विरोध मार्च निकाला. पुटूस ने कहा कि वाहन चालक खुद गरीब होते हैं. किसी तरह अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं. अगर यह कानून लागू हो गया, तो अधिकांश वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. सरकार इसमे संशोधन नहीं करती है, तो वाहन चालकों के समर्थन में आंदोलन किया जाएगा. धनंजय कुमार पुटूस द्वारा निकाले गए विरोध मार्च में रामगढ़ जिला के सैकड़ों वाहन चालक शामिल हुए.

26वीं जयंती पर कांग्रेसजनों ने दी बाबू कृष्ण वल्लभ सहाय को श्रद्धांजलि, व्यक्तित्व व कृतित्व को किया याद

## केबी सहाय का राज्य के विकास में अहम योगदान : राजेश ठाकुर

संवाददाता। हजारीबाग



**जयंती समारोह**

- समारोह में जुटे राज्य के कांग्रेस नेता, भरी हुंकार
- देश में जुमलेबाजी की सरकार : सुबोधकांत सहाय

संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी बाबू कृष्ण बल्लभ सहाय का 126वां जयंती समारोह कार्यक्रम कटकमसांडी हाई स्कूल में मनाया गया. कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, गो सेवा के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, मुन्ना सिंह, भीम कुमार बिनोद कुशवाहा समेत कई कांग्रेस नेताओं ने स्व. केबी सहाय के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया.

जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने की. मुख्य अतिथि राजेश ठाकुर ने कहा कि महात्मा गांधी के आह्वान पर स्व. सहाय अपनी आईसीएस की नौकरी त्याग कर आजादी की लड़ाई में कई बार जेल गए. 1947 में आजादी के बाद संयुक्त बिहार के राजस्व मंत्री और मुख्यमंत्री रहते हुए एकीकृत बिहार झारखंड के सर्वांगीण विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया. वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि देश में इस समय जुमलेबाजी की सरकार है. सभी को संकल्प लेकर इस सरकार को 2024 में बदल देना है. राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि सादा जीवन उच्च विचार वाले बाबू कृष्ण बल्लभ सहाय ने विनोबा भावे के साथ भूदान यज्ञ में कई गरीब-गुरबों को जमीन दिलाने का काम किया.

जयशंकर पाठक ने कहा कि स्व. सहाय ने हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन, बोकारो संयंत्र, हाइड्रो पावर सहित सैनिक स्कूल एवं महिला कॉलेज का निर्माण कर क्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई. इवहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि 1963 में सयुंक्त बिहार के मुख्यमंत्री बन कर बाबू कृष्ण बल्लभ सहाय ने राज्य का सर्वांगीण विकास किया. स अवसर पर बहुत से लोगों ने भाजपा छोड़ कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की. कार्यक्रम के आयोजक स्व. कृष्ण वल्लभ सहाय के पौत्र आशीष सहाय ने कहा कि उन्होंने अपने दादा की विरासत को आगे बढ़ाते हुए जनसेवा को अपना कार्य बनाया है. केबी सहाय जनकल्याण फाउंडेशन संस्था के नाम से पिछले पांच साल से हजारीबाग के लोगों के सुख-दुख में शामिल रहे. उन्होंने कांग्रेस के सिद्धांत और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और कांग्रेस को मजबूत करने की बात भी कही.

जयंती कार्यक्रम में मंच संचालन कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति और धन्यवाद ज्ञापन महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने किया. मौके पर कांग्रेस के कई नेता, कार्यकर्ता एवं पारिवारिक सदस्य व कायस्थ समाज के लोग मौजूद थे.

## शिवनाथ यादव ने कोडरमा सीट से पेश किया अपना दावा

संवाददाता। डोमचांच

**राजनीतिक बैठक**

- विधानसभा चुनाव में राजद उम्मीदवार को लेकर बैठक
- कहा– कोई बाहरी नहीं हो सकता कोडरमा से उम्मीदवार

सीएम हाई स्कूल के सामने डोमचांच प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण यादव की जमीन पर राजद की कोडरमा विधानसभा स्तरीय बैठक हुई. इसमें शामिल पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं ने संगठन मजबूती और आगामी चुनाव को देखते हुए रूपरेखा तैयार की. बैठक की अध्यक्षता शिवनाथ यादव और संचालन मनोज रजक ने किया.

शिवनाथ यादव ने कहा कि किसी भी हाल में 2024 विधानसभा चुनाव में कोडरमा से राजद का उम्मीदवार रहेगा. साथ ही कहा कि कोई बाहरी यहां आकर विधानसभा चुनाव का दावेदार नहीं हो सकता है. उन्होंने कहा कि कोडरमा में जब पार्टी लुप्त होने के कगार पर थी, तो उस समय उनके द्वारा 15000 लोगों को पार्टी में जोड़ने का काम किया गया था. इस दौरान मकर संक्रांति के कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा की गई. वहीं, सभी ने बारी-बारी से पार्टी के विस्तार और मजबूती को लेकर अपनी-अपनी बात रखी. बैठक में अशोक यादव, नीलकंठ सिंह उर्फ नीलू, सुभाष यादव, पप्पू यादव, परवेज खान, विजय सिंह के अलावा मरकच्चो, सतगांवा व डोमचांच प्रखंड के सैकड़ों राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## रिम्स ओपीडी

सुबह 9 से दोपहर 1 और शाम 3 से 5 बजे तक

**विभाग** — **डॉक्टर का नाम**

- **मेडिसिन**: डॉ विद्यापति
- **सर्जरी**: डॉ शीतल मलुआ
- **कार्डियोलॉजी**: डॉ प्रकाश कुमार
- **ऑर्थोपेडिक**: डॉ विनय प्रभात
- **न्यूरो सर्जरी**: डॉ सीबी सहाय
- **टीबी एवं चेस्ट**: डॉ ब्रजेश मिश्रा
- **ऑब्स गायनी**: डॉ एसबी सिंह
- **सीटीवीएस**: डॉ अंशुल कुमार
- **न्यूरोलीजी**: डॉ सुरेंद्र कुमार
- **ईएनटी**: डॉ आरके चौधरी
- **सायकेट्री**: डॉ अजय बाखला
- **प्लास्टिक सर्जरी**: डॉ विक्रांत रंजन
- **पीएमआर**: डॉ अमित चैतन्य
- **रेडिशन ऑन्कोलॉजी**: डॉ अनूप कुमार
- **सर्जिकल ऑन्कोलॉजी**: डॉ अजीत कुमार कुशवाहा
- **यूरोलॉजी**: डॉ अरशद जमाल व डॉ राणा प्रताप सिंह

## सदर अस्पताल हजारीबाग

**विभाग** — **डॉक्टर का नाम**

- **मेडिसिन** : डॉ. एसके सिन्हा
- **शिशु रोग विभाग** : डॉ. विशाल सिन्हा
- **इएनटी** : डॉ. राखी कुमारी

**ट्रामा सेंटर : सुबह 8 से अपराह्न 2 बजे तक**

- **सर्जन** : डॉ. विवेक कुमार
- **मेडिसिन** : डॉ. रेफॉर्ड

**अपराह्न 2 बजे से रात 10 बजे तक**

- **हड्डी रोग** : डॉ. मयंक
- **मेडिसिन** : डॉ. आरके सिंह

**रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक**

- **ऑर्थो** : डॉ. बालकृष्ण
- **मेडिसिन** : डॉ. अहमद

## हजारीबाग का मौसम

- **न्यूनतम तापमान** : 23 डिग्री सेल्सियस
- **अधिकतम तापमान** : 12 डिग्री सेल्सियस
- **बादल की स्थिति** : आसमान साफ रहेगा
- **हवा की रफ्तार** : 6 किमी प्रति घंटे

### पिकनिक स्पॉट व पार्क में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती, सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम, सादे लिबास में भी रहेंगे जवान

# उत्साह व उमंग के साथ करें नए साल का स्वागत

- नशे में वाहन चलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई
- एसपी ने सभी थाना प्रभारी को दिया दिशा-निर्देश

**संवाददाता। हजारीबाग**

नव वर्ष के स्वागत में कोई खलल नहीं पड़े, इसे लेकर हजारीबाग पुलिस ने व्यापक तैयारी कर ली है. एसपी मनोज रतन चोथे ने बताया कि नव वर्ष के मद्देनजर सभी पिकनिक स्पॉट पर अतिरिक्त सुरक्षा बल लगाए गए हैं. वहीं, विधि व्यवस्था संधारण को लेकर सभी थाना प्रभारी को दिशा-निर्देश निर्गत किया जा चुका है. कोई भी व्यक्ति हंगामा करते हुए पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

उन्होंने कहा कि नशे की स्थिति में कोई भी व्यक्ति वाहन चलाते हुए पकड़े गए, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इसे लेकर अलग टीम भी गठित कि गई है, जो मुख्य चौक-चौराहों पर अलर्ट मोड पर तैनात रहेगी.

उन्होंने कहा कि पुलिस ब्रेथ एनालाइजर का उपयोग भी करने जा रही है. नशे की हालत में कोई भी व्यक्ति गाड़ी चलाते हुए पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी. एसपी ने कहा कि हजारीबाग पुलिस चाहती है कि नव वर्ष के दिन जिले में किसी भी व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत न हो.

इसे धरातल पर उतराने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने आम लोगों खास कर युवा पीढ़ी से अपील की है कि नव वर्ष का स्वागत पूरे उत्साह और उमंग के साथ करें. पुलिस सुरक्षा भी प्रदान करेगी. लेकिन नशे की स्थिति में कभी भी गाड़ी नहीं चलाएं. आपकी गलती से दूसरे को भी परेशानी हो सकती है. जीवन अनमोल है.



### छेड़खानी करने वालों की खैर नहीं

एसपी ने कहा कि नव वर्ष के उत्साह के बीच महिला सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता है. शोहदों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी. उन्होंने कहा कि अगर कोई असामाजिक तत्व महिला या युवतियों के साथ छेड़खानी करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी. इस बाबत विभिन्न पिकनिक स्पॉट और पार्क में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं. वहीं शहर के पार्कों में सादे लिबास में भी पुलिस बल की तैनाती रहेगी. इसमें महिला सुरक्षा बल भी शामिल रहेगी. ऐसे में अगर कोई भी व्यक्ति छेड़खानी करते हुए पकड़ा गया, तो उसकी खैर नहीं है.

### मनोरम वादियां, झरने, घने जंगल, कलकल बहती नदियां और ऊंचे-ऊंचे पहाड़ आकर्षण का केंद्र





## बड़कागांव की खूबसूरत प्राकृतिक स्थलों में मनाएं नए साल का जश्न

**राजेश कुमार। बड़कागांव**

प्रकृति की गोद में बसे बड़कागांव प्रखंड में कई प्राकृतिक दर्शनीय स्थल है. नए साल का जश्न मनाने के लिए पूरे परिवार के साथ बड़कागांव के प्राकृतिक की सुंदरता का आनंद ले सकते हैं. प्रखंड की मनोरम वादियां, झरने, घने जंगल, कलकल बहती नदियां, ऊंचे-ऊंचे पहाड़ आकर्षण का केंद्र हैं. इस कड़ी में प्रखंड मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूरी पर महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर लोगों के लिए आस्था का केंद्र है.

यहां की प्राकृतिक सुंदरता देखने लायक है. जमीन से करीब 500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर से बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड के कई गांव का अवलोकन किया जा सकता है. घने जंगलों के बीच स्थित यह मंदिर सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है. वहीं, डुमारो झरना भी पर्यटन स्थल है. यहां पर झरना सालों भर बहता रहता है. गर्मी में झरना से पानी का बहाव तेज हो जाता है, जो बरबस अपनी ओर खींच लेता है. प्रखंड में सबसे अधिक सैलानियों की भीड़ महुदी पहाड़ में देखी जाती है. यह पहाड़ में जंगली जानवरों से भरा है, जो सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र है.

**गट्टी कोचा झरना :** प्रखंड मुख्यालय से 16 किलोमीटर दूर स्थित मंहुगाई कला पंचायत स्थित हाहे गांव के समीप गट्टी कोचा झरना स्थित है. लगभग 80 फीट ऊंचे पहाड़ से गिरते पानी को लोग देखने के लिए विशेष रुप से यहां आते हैं. विशेषकर बरसात के दिनों में इस झरने की खूबसूरती और बढ़ जाती है. झरने के आसपास ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और घने जंगल इस स्थान को और खूबसूरत बनाते हैं. नए साल में पिकनिक मनाने के लिए यह सर्वश्रेष्ठ स्थलों में एक है.

**बरसो पानी :** बड़कागांव प्रखंड से 26 किलोमीटर दूर आंगो पंचायत के झिकझोर जंगल में बरसो पानी पर्यटन स्थल है. इस स्थल की खासियत है कि आप जितना ताली बजाएंगे, उतने ही जोरों से चट्टान की ऊपरी परत से झमाझम बारिश होने लगती है. गर्मियों में पानी गिरने की रफ्तार बढ़ जाती है. दिलचस्प बात यह है कि चट्टान या पहाड़ के ऊपर किसी प्रकार का भी जलजमाव नहीं है. यहां भारी संख्या में देश विदेश के सैलानी पहुंचते हैं.

**इसको गुफा :** इसको गुफा प्रखंड की नापो खुर्द पंचायत में स्थित है. प्रखंड से करीब 22 किलोमीटर दूर इस पर्यटन केंद्र की खासियत है कि अति प्राचीन पाषाण युग में उकेरी गई आकृतियां यहां आज भी मौजूद हैं. यहां भारी संख्या में लोग पिकनिक मनाने आते हैं. यहां पर देश विदेश से कई शोधकर्ता भी आए और इसको गुफा के बारे में अपनी-अपनी प्रतक्रियाएं व्यक्त की. यह गुफा अपने आप में अद्भुत है, जहां हर कोई जाना पसंद करता है.

**कोती झरना :** कोती नदी बड़कागांव प्रखंड एवं केरेडारी प्रखंड के सीमाना में स्थित है. यह आंगो पंचायत स्थित फटेरिया पानी गांव के पास है. इस नदी की खासियत है कि गर्मी के दिनों में जलस्तर ठंड के दिनों की अपेक्षा काफी बढ़ जाती है. यह नदी कभी भी सूखती नहीं है. सालों भर पानी बहता रहता है. कल-कल बहती नदियों लोगों को अपनी ओर काफी आकर्षित करती है. यहां केरेडारी और बड़कागांव प्रखंड के सैलानी पिकनिक मनाने आते हैं.

**अंबा झरना :** यह पिकनिक स्पॉट बादम पंचायत में स्थित है. यह चारों और पहाड़ों और जंगलों से घिरा स्थान है. बड़कागांव से तकरीबन 16 किलोमीटर दूरी पर स्थित अंबा झरना का पानी काफी मीठा होता है. यही कारण है कि पिकनिक मनाने वाले सैलानियों की भीड़ यहां काफी देखी जाती है. जो लोग एक बार आते हैं, वह दोबारा यहां आना चाहते हैं.

**एकचटिया झरना :** गट्टी कोचा झरना से एक किलो मीटर की दूरी पर हाहे गांव के बगल में ही एक चटिया झरना स्थित है. पहाड़ों और जंगलों से घिरे इस झरने के पास बड़े बड़े चट्टान है जो झरने की खूबसूरती को बढ़ाते हैं.

**जोराकाठ तालाब :** प्रखंड मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर बादम चरही रोड के बीच स्थित जोराकाठ तालाब भी सैलानियों को आकर्षित करता है.

## बहेरा पैक्स चुनाव 23 को, 4 को नामांकन

**संवाददाता। चौपारण**

प्रखंड में बहेरा पैक्स का चुनाव 23 जनवरी को होगा. उक्त जानकारी देते हुए बीसीओ भूपनाथ महतो ने बताया कि बहेरा पैक्स का 4 जनवरी को नामांकन दाखिला, नामांकन पत्रों की जांच व सूची प्रदर्शन, 5 जनवरी को आपत्ति, विधिमान नामांकन सूची का प्रदर्शन, नाम वापसी, फाइनल प्रकाशन, चिह्नों का आवंटन एवं 23 जनवरी को चुनाव होगा. प्रशासक पदाधिकारी के रूप में जिला प्रशासन द्वारा उन्हें जिम्मेवारी दी गई है. वहीं, बरकट्ठा बीसीओ कारू राम को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है. बीसीओ ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा दी गई जिम्मेवारी को ससमय पूर्ण करूंगा.

## नीतीश कुमार को प्रखंड जदयू ने दी बधाई

**विष्णुगढ़।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर जदयू की विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है. प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता ने कहा कि पार्टी के नव मनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पार्टी और मजबूत होगी. इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव परिणामों में भी दिखेगा. वहीं, राष्ट्रीय नेतृत्व में हुए बदलाव का प्रभाव झारखंड में भी दिखेगा. उनकी अगुवाई में दल यहां पहले से ज्यादा मजबूत होकर उभरेगा. बधाई देने वालों में नवादा पंचायत अध्यक्ष मो. आलम, उपाध्यक्ष मो. शाहनवाज आलम, सचिव तथा पंचायत प्रभारी डॉ. असलम व अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे.

## शहीद बेदी पर माल्यार्पण कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**संवाददाता। विष्णुगढ़**

### शहादत नमन

- झारखंड राज्य आंदोलन के शहीदों को किया गया याद
- भाजपा, जेबीकेएसएस व जेएमएम ने किए कार्यक्रम

झारखंड अलग राज्य आंदोलन में शहादत देनेवालों को प्रखंड अंतर्गत बलकमक्का में रविवार को श्रद्धांजलि दी गई. इस दौरान शहीद बेदी पर सोहर महतो, मोहर महतो, केवल महतो, साधु महतो, सैनाथ महतो और शनिचर महतो का शहादत दिवस मनाया गया. भाजपा, जेएमएम तथा झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किया गया.

मांडू के भाजपा विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की पत्नी ललिता देवी ने शहीदों की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित की. इस मौके पर शहीद परिवार के सदस्यों को वस्त्र देकर सम्मानित किया गया. वहीं, मजलूमों के बीच कंबल का भी वितरण किया. वहीं, जेएमएम ने भी कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी. पार्टी के युवा नेता व मांडू विधानसभा के संभावित प्रत्याशी गौरव पटेल ने शहीदों के परिजनों से मिलकर उन्हें सम्मानित किया. वहीं जेबीकेएसएस की तरफ से भी शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया. इनमें संजय मेहता, महेंद्र महतो उर्फ माही, सूरज साहू आदि शामिल रहे.

## नहीं रहे व्यवसायी अशोक अग्रवाल

**संवाददाता। हजारीबाग**

### न हन्यते

- 67 साल की उम्र में क्षितिज अस्पताल में ली अंतिम सांस
- सदर विधायक ने जताया शोक, निजी क्षति बताया



शहर के नामचीन व्यवसाई कानी बाजार निवासी अशोक अग्रवाल का रविवार सुबह 67 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया. वह पिछले कुछ समय से लगातार बीमार चल रहे थे. हाल ही में उन्हें पेसमेकर भी लगा था. इनकी संघर्ष की दास्तां बेहद प्रेरणादायी है. जीवटता के साथ कर्म को प्रधान मानकर इन्होंने हमेशा सेवा को महत्व दिया. वह अपने पुछे एक पुत्र और एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए.

हजारीबाग के क्षितिज अस्पताल में व्यवसायी अशोक अग्रवाल ने अंतिम सांस ली. उनके निधन की सूचना पर क्षितिज अस्पताल परिसर में उनके चाहने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी. बीते शुक्रवार शाम सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अस्पताल जाकर उनके मुलाकात कर कुशल क्षेम जाना था. वहीं, व्यवसायी अग्रवाल के निधन की सूचना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए विधायक ने ईश्वर से उनके दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को इस विकट दुःख से उभरने का अदम्य साहस प्रदान करने की कामना की. मनीष जायसवाल ने बताया कि अशोक अग्रवाल से घरेलू और मित्रवत रिश्ता था. उन्होंने कहा कि अशोक अग्रवाल कई प्रकार के प्रबंधन कला के धनी और सौम्य स्वभाव के स्वामी थे. सदर विधायक ने उनके निधन को व्यक्तिगत क्षति बताया.



























## लोगों ने जश्न मनाकर दी 2023 को विदाई, 2024 का किया स्वागत

# नदियों, पहाड़ों, झरनों के पास जुटे सैलानी, सजी मस्ती की महफिल

अपने-अपने अंदाज में जश्न के साथ लोगों ने 2023 को विदाई दी और नया साल 2024 का स्वागत किया. इस दौरान खूब मस्ती हुई. नृत्य, संगीत और डीजे की धुन पर खूब थिरके और लजीज व्यंजनों के का लुत्फ उठाया. साल के अंतिम दिन आम दिनों में शांत और निरवता के साये में रहने वाले स्थल किलकारियों से भरे थे. रविवार होने के कारण भी साल के अंतिम दिन राज्य के पिकनिक स्पॉट कुछ ज्यादा ही गुलजार रहे. नदी तटों, पहाड़ों, झरनों और घने पेड़ों से घिरे मनोरम स्थलों पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था. सुबह से ही इन स्थलों पर सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था. सुबह थोड़ी ठंड थी,पर जैसे जैसे सूरज चढ़ता गया गुनगुनी धूप ने जश्न के उत्साह को और बढ़ा दिया. इस मस्ती में हर आयु वर्ग के लोग शामिल थे. शहरों के होटल और रेस्तरां में भी नए साल को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए. राजधानी रांची सहित धनबाद, जमशेदपुर, लातेहार, गिरिडीह समेत राज्य के अन्य हिस्सों में 2023 की विदाई और नए साल के स्वागत में कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस दौरान सरकारी स्तर पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए है. नए साल में पिकनिक का यह सिलसिला पूरे जनवरी तक चलेगा. शुभम संदश की टीम ने ऐसे कार्यक्रमों को कवर किया है. पेश है रिपोर्ट.

- शहर के होटल-रेस्तरां व पार्क में भी नववर्ष के स्वागत में हुए रंगारंग कार्यक्रम
- सैलानियों के नृत्य-गीत से से राज्य भर के पिकनिक स्थलों पर रहा उत्साह-उमंग

### राजधानी रांची में वर्ष 2023 का अंतिम सूर्यास्त



छाया : रमीज

तेज बनकर तुम आए थे, क्षीण होकर तुम चले,
आते को भी प्रणाम था, अब जाते को भी प्रणाम।

## हुंडरु, जोन्हा और दशम में उमड़े पर्यटक, परिवार संग की मस्ती




राजधानी रांची सहित आसपास के क्षेत्रों में लोगों ने उत्सवी माहौल में नए वर्ष का स्वागत किया. साल के अंतिम दिन पिकनिक स्थलों में बड़ी संख्या में पर्यटकों की भीड़ उमड़ी. जोनहा, हुंडरु, दशम जलप्रपातों में लोगों ने वर्ष के अंतिम दिन पिकनिक की और 2023 को विदाई दी. सुबह से ही लोग इन स्थलों में पहुंचने लगे थे. दिन चढ़ने के साथ ही इन स्थलों में गाड़ियों की कतार लग गई. शहर के होटलों में भी नव वर्ष को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए थे. जिसमें गीत-संगीत के साथ लोगों ने 2023 को विदाई और नए साल का स्वागत किया.

लातेहार

## हर ओर पसरा था खुशी का महौल, खूब मना जश्न

हरी- भरी वादियां, ऊंचे- नीचे पर्वत, पर्वतों के बीच से बहती कल-कल कर नदियां और जंगलों में महुआ और पलास की खुशबू, यह एक छोटा सा परिचय है लातेहार जिले का. लातेहार जिले की इस नैसर्गिक खुबसूरती में यहां के पिकनिक स्पॉट चार चांद लगाते हैं. ये पिकनिक स्पॉट में अपनी बांहे फैलाये सैलानियों का स्वागत करने के लिए तैयार है. जिले में ऐसे असंख्य स्पॉट हैं, जहां लोग नये वर्ष पर पिकनिक मनाने आते हैं. वैसे इन स्पॉटो में लोगों ने साल 2023 के अंतिम दिन 31 दिसंबर को भी पिकनिक मनाया और लोगों को नये साल की शुभकामनायें दी. रविवार और साल का अंतिम दिन होने के कारण यहां काफी भीड़ दिखायी पड़ी.

### मिरचईया फॉल



जिले के गारू प्रखंड के मिरचइया फॉल में रविवार को काफी भीड़ देखी गयी. बेतला-गारू मार्ग में होने के कारण यहां सालो भर सैलानियों का भीड़ भाड़ रहती है, लेकिन दिसंबर के महीने मे यहां अधिक भीड़ रहती है. यहां उच्चाई से गिरता पानी लोगों को रोमांचित करता है. बेतला से यहां आने पर सतबहनी नदी का दीदार होता है. एक ही नदी घूम फिर कर सात बार दिखायी पड़ती है, इसलिए इसे सतबहनी नदी कहते हैं.

### चौपत नदी



नये साल व 31 दिसंबर को यहां काफी संख्या में लोग आते हैं. लातेहार से मात्र 23 किलोमीटर की दूरी पर सरयू प्रखंड में है चौपत नदी. चौपत नदी की चिकनी पत्थरों पर बैठ कर पिकनिक करने का आनंद ही कुछ और है. युवकों की कई टोलियों को यहां पिकनिक मनाते देखा गया. चौपत नदी की एक छोर पर पत्थरों के बीच से पानी बहता है तो दूसरी छोर में काफी दूर तक पानी चट्टानों के बीच से बहता जाता है. यह काफी मनोहारी दृश्य होता है.

### केचकी संगम




बरवाडीह में कोयल और औरंगा नदी के संगम स्थल को केचकी संगम कहते हैं. पलामू से इसकी दूरी 15 किलोमीटर और बेतला से मात्र सात किलोमीटर है. यहां भी प्रति वर्ष नव वर्ष का आगाज करने लोग आते हैं. संगम नदी के तट पर बैठ कर पिकनिक करना बहुत ही सुखद होता है. संगम के आसपास का दृश्य भी मनोहारी है. लोगों ने 31 दिसंबर को भी यहां पिकनिक कर इसका लुत्फ उठाया .सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचने लगे थे.

### तपा की पहाड़ी



रांची-मेदिनीनगर राष्ट्रीय उच्च पथ पर तपा की पहाड़ी के नीचे भी युवाओं की टोली ने अंतिम साल मौज मस्ती के साथ विदाई दी. यहां युवाओं को डीजे की धुन पर थिरकते देखा गया. 31 दिसंबर को तपा पहाड़ी के नीचे स्थित होटलों में लोगों की खासी भीड़ देखी गयी. एक जनवरी को भी तपा की पहाड़ी में लोगों की काफी भीड़ उमड़ने की संभावना है. नव वर्ष मनाने की यहां व्यापक तैयारी की गई है. सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए हैं.

गिरिडीह

## खंडोली में उमड़ी भीड़, पर्यटकों ने मनोरम वादियों और नौका विहार का लुत्फ उठाया



गिरीडीह के बेंगाबाद स्थित खंडोली पर्यटन स्थल में साल के अंतिम दिन सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी. 31 दिसंबर को रविवार छुट्टी का दिन होने के कारण पर्यटकों की भीड़ देखने को मिली. पर्यटक अपने परिवार वालों के साथ खंडोली पहुंचे और यहां के मनोरम वादियों का भरपूर लुत्फ उठाया. इस दौरान खंडोली पर्यटन स्थल के आस पास पिकनिक मनाने वालों का हुजूम उमड़ पड़ा. यहां पहुंचने वाले सैलानी वनभोज के साथ खंडोली की हसीन वादियों में भ्रमण और जलाशय में नौका विहार का आनंद उठाने में मशगूल दिखे. युवक युवतियां खंडोली के सुंदर और आकर्षक दृश्यों को अपने कैमरे में कैद करते नजर आये. पर्यटकों में अपने परिवार के साथ जमकर सेल्फी ली और सैर सपाटे के साथ पिकनिक का आनंद उठाया. पूरा दिन खंडोली का माहौल खुशगवार बना रहा और पर्यटकों ने खूब मौज मस्ती की. पूरा खंडोली परिसर पर्यटकों की भीड़ से पटा नज़र आया. बताया गया कि साल के अंतिम दिन और नए साल के पहले दिन खंडोली में हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचते हैं. इधर पर्यटकों को सुरक्षित माहौल देने के लिए पुलिस प्रशासन के तरफ से तगड़ी बंदोबस्त देखने को मिली. पूरे पर्यटन स्थल में जगह जगह महिला पुलिस बल के साथ जवानों की तैनाती की गई थी. जवान पर्यटक स्थल में घूम घूम कर असामाजिक तत्वों पर नजर बनाये हुए थे,ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो. वहीं पुलिस के वरीय पदाधिकारियों के अलावे बेंगाबाद थाना प्रभारी विकास पासवान पूरी सुरक्षा व्यवस्था पर नज़र बनाये हुए थे. खंडोली स्थित पुलिस चौकी में तैनात अधिकारी एवं कर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी पर डटे हुए थे.

घाटशिला

## वनभोज में लजीज व्यंजन का आनंद उठाया... कहा-अलविदा 2023



साल का अंतिम दिन रविवार तो फिर कहने की क्या बात है. लोगों में उत्साह चरम पर था. घाटशिला प्रखंड के बुरुडीह डैम पर सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी. काफी संख्या में पश्चिम बंगाल तथा आसपास के क्षेत्र से लोग वर्ष 2023 को हर्षोल्लास के साथ विदाई देने के लिए पहुंचे थे. डैम पर नौका विहार के लिए लोगों की भीड़ पूरे दिन लगी रही. इस तरह जगह-जगह युवाओं की टोली लजीज व्यंजन बनाने में जुटे रहे तो कहीं परिवार के साथ बीच जंगल में बैठकर लजीज व्यंजन का आनंद लिया. युवाओं ने फिल्मी गीत की धुन पर जगह-जगह थिरकते नजर आए. इसके अलावा मऊभंडार स्वर्णरेखा नदी किनारे, गालूडीह बराज डैम, धालभूमगढ़ पुराना एयरपोर्ट राजबाड़ी सहित अन्य पिकनिक स्पॉट पर लगभग 10 हजार से अधिक लोगों ने वनभोज का आनंद लिया. सुरक्षा की दृष्टि से सभी पिकनिक स्पॉट पर पुलिस बल तैनात किए गए थे.

जमशेदपुर

## जुबली पार्क, डिमना में सैलानियों की उमड़ी भीड़

साल के अंतिम दिन रविवार को शहर के पर्यटक स्थलों पर सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी. डिमना लेक, जुबली पार्क, छोटाबांकी, सतनाला समेत अन्य अन्य पर्यटक स्थलों पर सुबह से ही लोगों की भीड़ उतनी शुरू हो गई थी. डिमना लेक में लोग तरह-तरह के व्यंजन बनाकर पिकनिक मना रहे थे. वही पार्कों में बच्चे खूब मस्ती कर रहे थे. टाटा जू में भी साल के अंतिम दिन लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली. साल के अंतिम दिन रविवार होने के कारण शहर के पर्यटन स्थलों में भीड़ उमड़ी. विभिन्न स्थलों में लोगों ने जमकर धमाल मचाया. हजारों लोग पार्क व लेक में पिकनिक मानाने पहुंचे. पिकनिक स्थलों पर सुबह कम भीड़ थी लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही भीड़ बढ़ती गई. दोपहर होते-होते शहर के सभी पार्क सैलानियों से खचाखच भर गए. इसके बाद शुरू हुआ खाने-खिलाने और मौज मस्ती का दौर.





### खुशनुमा माहौल

जगह-जगह बज रहे गाने की धुन ने माहौल को और खुशनुमा बना दिया. देर शाम तक छोटे-बड़े सबने मिलकर पिकनिक का मजा लिया. शाम के समय घर लौटने की जल्दी और भीड़ ज्यादा होने से जाम की स्थिति बनी रही. पार्कों में सुरक्षा बलों की भी तैनाती की गई थी. चारों ओर उत्सवी माहौल रहा. हर चौक-चौराहे से लेकर पिकनिक स्पॉट हर जगह गुलजार था. उत्साह और उमंग लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा था. पिकनिक स्पॉटों पर हर उम्र और वर्ग के लोग सेल्फी लेते दिखे तो बच्चे तरह-तरह के झूलों का आनंद लेते रहे. पिकनिक स्पॉटों पर काफी संख्या में लोग घर से ही खाने-पीने का इंतजाम कर पहुंचे, तो कइयों ने खाना बनाया. डैम में सड़कों पर प्राकृतिक खूबसूरती का भी लोगों ने आनंद लिया.



धनबाद

## सैलानियों से गुलजार रहे शहर के पार्क और पिकनिक स्थल

### तोपचांची झील में पर्यटकों ने खूब मस्ती की



वर्ष 2023 की विदाई व वर्ष 2024 के स्वागत को लेकर धनबाद जिले के तोपचांची झील में भारी संख्या में सैलानी पहुंचे. तोपचांची झील अपनी अनुपम सुंदरता के कारण देश में जाना जाता है. दूर दराज से सैलानी अपने परिवार के साथ पहुंच कर पिकनिक का आंनद लेते हैं. हरे भरे जंगलों और पहाड़ों से घिरे होने के कारण यह एक खूबसूरत पर्यटन स्थल के रूप में जाना जाता है. झील के आसपास के प्राकृतिक दृश्य पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं. यहां का शांत वातावरण दूर से पहुंचे सैलानियों को खूब भाता है. 5000 से अधिक सैलानी पहुंचे थे. पुराने साल की विदाई व नए साल के स्वागत को लेकर तोपचांची झील में झारखंड के विभिन्न जिले के अलावा बिहार , बंगाल से भी काफी संख्या में सैलानी पहुंचे. दूर दराज से पहुंचे सैलानियों ने अपने परिवार के साथ यहां पिकनिक का आंनद लिया. इस दौरान झील में पहुंचे सैलानियों ने नाच, गाकर खूब मौज मस्ती की. 31 दिसंबर को तोपचांची में 5000 से अधिक सैलानी पहुंचे थे.

## मनोरम स्थलों का लुत्फ उठाया मंदिरों,गुरुद्वारों में जुटी भीड़



वर्ष 2023 की विदाई और नए साल के जश्न को लेकर रविवार को जिले के अलग अलग पार्कों और पिकनिक स्पॉट पर एक लाख से अधिक लोग पहुंचे. अपने परिवार, ईस्ट मित्र के साथ लोगों ने मनोरम स्थलों का लत्फ उठाया. नृत्य संगीत के साथ एक दूसरे के साथ खुशियां बांटी. वहीं शाम को मंदिर, गुरुद्वारा तथा गिरजाघरों में एक एकत्रित होकर लोगों ने भगवान से नए साल में सुख समृद्धि की कमान की. क्लब, रेस्टोरेंट, रिसोर्ट आदि में कपल और रसूखदारों ने देर रात तक नए साल के स्वागत में गीत, संगीत का और लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया.

### जुटी हजारों की भीड़

शहर के बिरसा मुंडा पार्क में 20 हजार लोगों की भीड़ जुटी. लोगों ने भूल भुलैया, नौका विहार, घुड़सवारी के साथ रंग बिरंगे फूलों का आनंद लिया. वहीं बच्चों ने झूला, टॉय ट्रेन, चरखा, तारामाची में खूब मस्ती की. कई लोग अलग अलग ग्रुप के लोगों ने वनभोज का आयोजन किया. युवाओं में सेल्फी की खुमारी भी देखने को मिली. पार्क में भिड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे.इसके अलावा मैथन और पंचेत डैम में करीब 25 हजार लोग पहुंचे, तोपचांची झील में 15 हजार, भटिंडा फॉल में 5 हजार के अलावा गोल्फ ग्राउंड पार्क, राजेंद्र सरोवर पार्क, लिलोरी पार्क, टाटा स्टील पार्क, सिंद्री पार्क आदि स्थानों पर भी हजारों की संख्या में लोग पहुंचे. अपने परिवार के साथ खुशियां बांटी.

बोकारो

## साल के अंतिम दिन पिकनिक स्थल और पार्क रहे गुलजार



बोकारो जिले के प्रमुख पिकनिक स्पॉट से लेकर पार्क में नववर्ष के आगमन के पूर्व एवं साल के अंतिम दिन रविवार को भीड़ उमड़ पड़ी. खासकर शहर के सेक्टर वन स्थित सिटी पार्क, सेक्टर फाइव स्थित नेहरू पार्क समेत गरगा डैम, पचौरा स्थित बरवाघाट समेत अन्य पिकनिक स्पॉट में खूब भीड़ दिखी. जगह जगह लोग कहीं दोस्तों के साथ तो कहीं अलग अलग ग्रुप्स व फैमिली मेंबर्स के साथ मस्ती करते दिखे. साल का अंतिम दिन रविवार होने की वजह से सबसे ज्यादा भीड़ नेहरू जैविक उद्यान में भी दिखी. इसमें अलग अलग जीव जंतुओं की झलक के लिए काफी भीड़ उमड़ी, वहीं जैविक उद्यान में टॉय ट्रेन मोगली की सवारी करते एवं मस्ती करते बच्चों की टोली भी दिखी. गरगा डैम में पिकनिक का दौर क्रिसमस के दिन से ही शुरू हो चुका है, जो मकर संक्रांति तक जारी रहने की उम्मीद है. इस दौरान सिटी पार्क में लगभग तीन से चार हजार, नेहरू पार्क में दो से तीन हजार, गरगा डैम में पांच से छह हजार एवं बरवाघाट में तीन से चार हजार की संख्या में लोग जुटे और जमकर मौज मस्ती की.

चक्रधरपुर

## नकटी डैम समेत अन्य पिकनिक स्पॉट पर लोगों ने नाच-गाकर की मस्ती



नव वर्ष के आगमन की तैयारी हो चुकी है. इसे लेकर चक्रधरपुर व आसपास क्षेत्र के पिकनिक स्पॉटों पर भीड़ उमड़ने लगी है. रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण नए साल 1 जनवरी से ठीक एक दिन पहले चक्रधरपुर से लगभग दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित नकटी डैम में लोगों की भीड़ उमड़ी. यहां कई लोग परिवार के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे थे. नकटी डैम पहुंचने पर लोगों ने यहां वोटिंग का भी लुत्फ उठाया. कुछ स्कूलों के बच्चों के समूह भी यहां पिकनिक मनाने पहुंचे थे.वहीं युवाओं की टोली को नए साल के गीतों पर थिरकते हुए पाया गया. नए साल के आगमन को लेकर हर किसी के चेहरे पर खुशी देखी गई.इसी तरह चक्रधरपुर के रेलवे पार्क, बर्टन लेक, पंप डैम, बोरदा पुल समेत अन्य स्थान पर लोग पिकनिक मनाने पहुंचे. वही चक्रधरपुर के साथ-साथ सोनुवा के पंसुवा डैम,बंदगांव के हिरनी फॉल में पर्यटकों के साथ-साथ पिकनिक में लगाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी.यहां लोगों ने हरी-भरी खूबसूरत नजारों का आनंद लिया. सुरक्षा को लेकर इन स्थानों पर स्थानीय कमेटी के साथ-साथ पुलिस वालों की भी तैनाती की गई थी.वहीं रविवार शाम चक्रधरपुर शहर के रेस्टोरेंट को भी पिकनिक मनाने के लिए सजाया गया था. इन रेस्टोरेंट में भी कई परिवारों द्वारा प्री बुकिंग की गई थी.

चांडिल

## जयदा मंदिर,पलना डैम, दलमा पहाड़ समेत अन्य पिकनिक स्पॉट पर उमड़ी भीड़

वर्ष 2023 को विदा करने के लिए अंतिम दिन चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के पिकनिक स्पॉटों में बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे. चांडिल डैम, जयदा मंदिर, पलना डैम, दलमा पहाड़ समेत अन्य पिकनिक स्पॉट सैलानियों से गुलजार रहे. इनमें सबसे अधिक भीड़ चांडिल डैम में देखने को मिला यहां दूर-दराज से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और जश्न मना कर वर्ष 2023 को विदा किया. चांडिल डैम में लोगों ने साल के अंतिम दिन नौका विहार और घुड़सवारी का भी आनंद लिया. चारों ओर हरे भरे पहाड़ों के बीच डैम की स्वच्छ जलधारा लोगों को रोमांचित कर रहा था. चांडिल डैम में बाजा और शराब सेवन पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाए जाने के बाद यहां परिवार के साथ लोग अधिक पहुंच रहे हैं. शांत वातावरण में पूरे परिवार के साथ वर्ष के अंतिम दिन लोगों ने हंसते गाते आनंद उठाया.





### अराध्य देव का दर्शन पूजन

वहीं साल के अंतिम दिन लोगों ने जयदा स्थित प्राचीन कालीन ऐतिहासिक बूढ़ा बाबा शिव मंदिर में अपने अराध्य देव के दर्शन पूजन किए. जयदा में रविवार को सुबह से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था. जैसे जैसे दिन चढ़ता गया जयदा में लोगों की भीड़ बढ़ती गई. लोग अपने आराध्य देव के दर्शन पूजन करने के बाद स्वर्णरेखा नदी किनारे पिकनिक का आनंद उठाया. इसके अलावा पलना डैम, दलमा पहाड़, कांदरबेडा.पिकनिक स्पॉट समेत अन्य स्थानों में वर्ष के अंतिम दिन सैलानियों की भीड़ रही. सभी अपने परिजनों और ईस्ट मित्रों के साथ साल के अंतिम दिन पिकनिक का लुत्फ उठाए.

